

# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 23.08.2021 से 28.08.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## विधानसभा के मानसून सत्र का समापन

(दिनांक 24.08.2021)




**विषय: विधानसभा के मानसून सत्र का समापन।**

**प्रभाव:** आज दिनांक को हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र का समापन हो गया। सत्र में कुल 11 विधेयकों पर मोहर लगी जिसमें आवश्यक सेवाओं के लिए भूमि अधिग्रहण बिल और परिवार पहचान पत्र से संबंधित बिल भी शामिल हैं। जिसमें किसी भी प्रकार से डाटा चोरी करने या लीक करने पर 10 साल की जेल और 50 लाख रूप्ये जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा सबसे प्रमुख बिल परीक्षाओं में पेपर लीक को रोकने संबंधी रहा जिसमें पेपर लीक करने वालों या नकल कराने वालों के लिए सजा का प्रावधान भी किया गया है और पूरा खर्चा दोषियों से वसूल करने का करने का प्रावधान है।


## माननीय गवर्नर गुजरात से भेंट वार्ता

(दिनांक 25.08.2021)



**विषय: माननीय गवर्नर गुजरात से भेंट वार्ता।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुजरात गवर्नर श्री आचार्य देवव्रत जी से चण्डीगढ़ अपने निवास पर भेंट वार्ता की। इस अवसर पर माननीय गवर्नर गुजरात ने मुख्यमंत्री जी के छोटे भाई के असामयिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया और उन्हें श्रृद्धांजली दी। साथ ही इस अवसर पर गवर्नर साहब ने हरियाणा में चल रहे कृषि से संबंधित कार्यों और योजनाओं पर भी मुख्यमंत्री जी से विस्तार में चर्चा की।



# साप्ताहिक सूचना पत्र


## भारतीय मजदूर संघ के साथ बैठक
(दिनांक 26.08.2021)



**विषय: भारतीय मजदूर संघ के साथ बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में भारतीय मजदूर संघ के साथ चण्डीगढ़ स्थित सचिवालय में बैठक की गई जिसमें उनकी विभिन्न मांगों पर चर्चा कर उनका निराकरण किया गया।

- प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसाइटी (पैक्स) के सभी कर्मचारियों को अब एक्सग्रेशिया का लाभ दिया जाएगा।
- झाडली क्षेत्र में इण्डस्ट्री और असंगठित कर्मचारियों के लिए डिस्पेंसरी की व्यवस्था की जाएगी।
- ग्रामीण टयूबवेल आपरेटरों का वेतन समय पर मिले यह सुनिश्चित किया जाएगा।
- जनस्वास्थ्य विभाग में कान्ट्रेक्ट पर लगे 'टर्म–आपरेटिस' कर्मचारियों को पदनाम दिया जाएगा।
- विभागीय जांच में अनुबंधित कर्मचारी को सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाएगा।
- श्रम कानूनों में बदलाव से पहले मजदूर संघ से सुझाव लिए जाएंगे।
- पूरे प्रदेश के लिए न्यूनतम बेसिक डी.सी रेट तय किए जाएंगे और महंगाई के अनुरूप उनमें भी वृद्धि की जा सकेगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## पंचकूला इंटीगेटेड डेवलपमेंट प्लान की समीक्षा


(दिनांक 26.08.2021)



**विषय: पंचकूला इंटीगेटेड डेवलपमेंट प्लान की समीक्षा।**

**निर्णय:** माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आज पचंकूला इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट प्लान की समीक्षा की गई। इस अवसर पर पंचकूला से विधायक और विधानसभा स्पीकर श्री ज्ञान चंद गुप्ता जी भी मौजूद थे। जिसमें निम्न निर्णय लिए गएः–

- जिन भी कार्यों के लिए फोरेस्ट विभाग के क्लीयरेंस या एन.ओ.सी की आवश्यकता है वह एन.ओ. सी. 15 सितंबर तक लेकर कार्य शुरू करवा दिए जाएं।
- पंचकूला के सैक्टर 5 को कमर्शियल हब के रूप में डेवलप किया जाएगा।
- चण्डीगढ़ एयरपोर्ट से पंचकूला की सीधी कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- 27 सितंबर 2021 को वर्ल्ड टूरिज्म डे पर मोरनी में पैरासेलिंग, पैरामोटर्स और जेट स्कूटर जैसी एडवेंचर गतिविधियों की शुरूआत की जाएगी।
- रेड बिशप में टूरिस्ट सेंटर स्थापित किया जाएगा जहां से लोग टूरिज्म से संबंधित जानकारी लेने के साथ–2 वहां रूक भी सकेंगे।
- मोरनी के पेयजल संकट को दूर करने के लिए जल्द ही योजना बना कर काम शुरू कर दिया जाएगा।
- पंचकूला को मेडिकल हब के रूप में भी डेवलप करने के लिए सैक्टर 32 और सैक्टर 5 सी में 2 बड़े अस्पताल खोले जाएंगे।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## DISHA कमेटी की बैठक


(दिनांक 27.08.2021)




**विषय: DISHA कमेटी की बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय दिशा कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें निम्न निर्णय लिए गए :–

- जिन जिलों में अभी तक जिला स्तर की दिशा की मीटिंग नहीं हुई है वह जल्द से जल्द मीटिंग सम्पन्न करें।
- अगली बार से राज्य स्तरीय मीटिंग में भी सभी उपायुक्तों को विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जोड़ा जाएगा।
- सभी लोगों को गैस और बिजली का कनेक्शन मिले। यह सुनिश्यित करने के लिए जिनके घरों में बिजली या गैस का कनेक्शन नहीं है ऐसे लोगों को स्वयं अथवा किसी के द्वारा भी सूचना देने पर 500 रूप्ये का ईनाम और कनेक्शन दिया जाएगा।
- खनन के तहत पंचायत को मिलने वाले रेवन्यू को तय करने के लिए जल्द ही नियम बनाए जाएंगे।
- 1 नवंबर तक हरियाणा के हर घर में नल से जल पहुंचाया जाएगा।
- कोई भी बच्चा स्कूल में पड़ने से न छुटे इसके लिए शून्य प्रतिशत ड्राप आउट का लक्ष्य रखा गया है।
- माइक्रो इरिगेशन को बढावा देने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।
- सितंबर तक सभी स्कूल के टीचरों का टीकाकरण किया जाएगा।
- हरियाणा के सभी जिलों को अब ओ.डी.एफ प्लस बनाने पर जोर दिया जाएगा। जिसके तहत कुड़े कचरे का पूर्णतः निस्तारण किया जाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हाई पॉवर लेंड परचेज कमेटी की बैठक

(दिनांक 27.08.2021)



**विषय: हाई पॉवर लेंड परचेज कमेटी की बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में HPLPL की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सड़क, रेल, वॉटर सप्लाई के साथ–2 रेवाड़ी AIIMS के लिए भी जमीन खरीद को मंजूरी प्रदान की जिसके तहत जल्द ही अब इन प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू किया जा सकेगा।